हादसा

बरगी बांध में देर रात तक चलता रहा रेस्क्यू

# चीत्कार के बीच 15 टीमें करती रहीं लापता पर्यटकों की तलाश





**नवभारत, जबलपुर। बरगी बांध के कैचमेंट एरिया में गुरूवार शाम करीब 6 बजे आए तूफान के बीच पर्यटकों से भरा क्रूज पलटने के बाद हड़कंप मच गया। तूफान की उठी लहरों के बीच क्रूज जब अनियंत्रित होकर पानी में समाने लगा तो कुछ पर्यटकों ने जान बचाने नर्मदा में छलांग लगा दी थी इसके बाद कुछ ने तैरकर अपनी जान बचाई। लाइफ जैकेट के सहारे तैरकर बाहर निकले।**

सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ । क्रूज पलटने से डूबे लोगों की तलाश में एसडीआरएफ के साथ होमागार्ड की टीमें बांध में उतरीं। । शाम करीब 7 बजे तक चार शव निकाले गए। मृतकों में तीन महिलाएं, एक पुरूष शामिल शामिल था जबकि रात्रि करीब 7:50 बजे तक रेस्क्यू के दौरान 15 को सुरक्षित बचा लिया गया लेकिन रात्रि 10:25 बजे तक 10 लोग लापता थे। जिनकी तलाश जारी रही । क्रूज में कुल 29 लोग सवार थे। रेस्क्यू ऑपरेशन करने होमगार्ड-एसडीआरएफ की 15 टीमें पहुंची। जिसमें से 10 एसडीआरएफ और 5 होमगार्ड की टीमें शामिल थी। हादसे के बाद बरगी बांध में चीत्कार मची हुई थी अपनों की मौत, तलाश में परिजन रोते, बिलखते रहे। जब शवों को बाहर निकाला गया तो उनके परिजनों के पैरों तले जमीन ही खिसक गई थी।

### सभी के पास थे लाइफ जैकेट ?

हादसे के बाद क्रूज यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठ गए है। क्रूज पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। क्रूज पर क्षमता से ज्यादा भीड़ होने और तूफान के कारण संतुलन बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं प्रशासन का दावा है कि मामले की विस्तृत जांच चल रही है अब तक की जांच में यह बात भी सामने आई है कि सभी यात्रियों के पास लाइफ जैकेट थे।

### जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी पहुंचे

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सीधे डुमना से घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

इसके साथ ही सांसद आशीष दुबे, संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, बरगी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी मौके पहुंच गए थे रेस्क्यू टीम लगातार बचाव का कार्य कराया जा रहा था। जनप्रतिनधियों और पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आवश्यक निर्देश देकर बचाव कर तेजी से कराया जा रहा था।

➢ **इन्हें बचाया गया** -हादसे में राखी सोनी, विक्की सोनी , समरिद्धि सोनी, इनिया, आराध्या सोनी, अनु सोनी, महेश पटेल, छोटे लाल गौड़,अनामिका सोनी, रियाज हुसैन, पवीथारन, मनोज श्रीवास्तव , अंशिका श्रीवास, तनिष्क श्रीवास, कियान वर्मा,रोशन आनंद वर्मा, रोशन आनंद वर्मा,सरिता वर्मा,वृन्दा, मंजू खड़गा, जफर, कामराज, को बचा लिया गया है।

➢ **ये अब भी लापता**- तमिल, विराज सोनी,मयूरम,आर.एच सैय्यद,श्रीमती रेशमा सैय्यद, पूनम थापा,समीम जफ़र, श्रीमती ज्योति श्रीवास अब भी लापता हैं।

➢ **हैदराबाद से भी आ रही स्पेशल टीम**- एसडीआरएफ ने टॉर्च की मदद से सर्च ऑपरेशन कर रही है। इसी दौरान क्रूज को रस्सियों से बांधकर किनारे लाने की कोशिश भी की गई। हैदराबाद से स्पेशल टीम और एक हेलीकॉप्टर भी रवाना किया गया है।

➢ **पायलट का दावा, तूफान के चलते नहीं मिला मौका**-सूत्रों केमुताबिक बरगी डैम में एक क्रूज संचालित किया जा रहा है। इसका निर्माण 2006 में किया गया था। इसकी क्षमता 60 यात्रियों की है। वहीं दूसरा क्रूज खराब है। वहीं क्रूज पायलट महेश ने बताया कि वह 10 साल से सेवा में है और सभी सुरक्षा उपकरण मौजूद थे लेकिन तूफान इतनी तेजी था कि केट पहनने का मौका नहीं मिला।

➢ **मेडिकल लाई गई लाशें** - बरगी बांध क्रूज हादसे में जान गंवानने वाली चार लाशों को देर रात नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया हैं। जिनमें तीन शव महिलाओं के साथ एक पुरुषशामिल है हैं। शवों को मरचुरी में रखा गया है।

## दुखद हादसा, सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी : सीएम

सीएम मोहन यादव ने कहा कि आंधी-तूफान के कारण बरगी डैम में दुखद हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है, हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है, 15 नागरिकों को सकुशल बचा लिया गया गया है जो लापता है उन्हें जल्द ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के परिजनों को राज्य शासन की ओर से चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने केनिर्देश दिए गए।

## हादसा दुखद, हृदयविदारक : उमंग सिंगार

उमंग सिंगार, नेता प्रतिपक्ष, मप्र विधानसभा ने कहा कि क्रूज हादसे की खबर अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं जाहिर की ।साथ ही प्रशासन से अपील है कि बचाव कार्य तेज़ी से चलाया जाए और घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएं। राज्य सरकार से माँग है कि मृतकों के परिजनों को समुचित मुआवजा एवं हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाएं।

## क्रूज हादसे की होगी जांच : मंत्री सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बरगी डेम में क्रूज पलटने का हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ इसमें कोई लापरवाही तो नहीं बरती गई है समेत अ न्य बि न्दुओं पर जांच होगी ।उन्होंने बरगी डेम में क्रूज पलटने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही श्री सिंह डुमना एयरपोर्ट से सीधे मौके पर पहुँचे थे राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया। श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि राहत एवं बचाव कार्य पूर्ण होने के पश्चात घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने सुरक्षित बचाये गये यात्रियों के समुचित उपचार के निर्देश दिये।

**घायल अस्पतालों में भर्ती** - घटना में बचाए गए कुछ पर्यटक घायल है, जिन्हें अलग-अलग अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल एवं लापता पर्यटकों में उत्तर प्रदेश, काठमांडू सहित शहर से बांध घूमने गए पर्यटक शामिल है।

**मृतकों की बढ़ सकती है संख्या**- देर रात पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा कि यह दुखद हादसा है। उन्होंने बताया कि 22 लोगों को बचाया गया है। चार के शव मिले हैं। लगातार रेस्क्यू चल रहा है। बाकी लापता है। क्रूज नीचे फंस गया है। एनडीआरएफ की टीम क्रूज को बाहर निकालेगी। इसके बाद मृतकों की वास्तविक संख्या पता चलेगी।

# रिश्तेदारों के खातों में भेजे पैसे, एक सरपंच को हटाया, दूसरे पर केस दर्ज

टिकुरी और दर्शनी पंचायत के सरपंचों पर गिरी गाज

**नवभारत,जबलपुर।** जिले की जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकुरी और दर्शनी में पंचायत निधि के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक सरपंच को पद से हटा दिया है तो वहीं दूसरे सरपंच पर केस दर्ज हो गया है। जांच में यह पाया गया कि पंचायत के खाते से सरपंच के करीबी रिश्तेदारों के खातों में नियमों के विरुद्ध राशि अंतरित की गई। अधिनियम के अनुसार यदि कोई सरपंच या पंचायत पदाधिकारी अपने पद का उपयोग कर अपने रिश्तेदारों को आर्थिक लाभ पहुंचाता है, तो यह दुराचार की श्रेणी में आता है। इसमें पट्टा देना, कार्य आवंटित करना या किसी भी प्रकार से आर्थिक फायदा पहुंचाना शामिल है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायत खाते से राशि आहरण के लिए सरपंच और सचिव दोनों के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं। ऐसे में इस प्रकार की अनियमितता में दोनों की समान जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### सरपंच पर बड़ी कार्रवाई

मामले की पुष्टि होने पर ग्राम पंचायत टिकुरी के सरपंच को म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत पद से पृथक कर दिया गया है। प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल प्रभाव से यह कार्रवाई की।

### दर्शनी सरपंच के खिलाफ प्रकरण दर्ज

इसी प्रकार ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच के विरुद्ध भी अधिनियम की धारा 40 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वर्तमान में यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और संबंधित प्रक्रिया जारी है।

### सभी सरपंच और सचिव को अल्टीमेटम

जिला पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत ने जिले के सभी सरपंचों और पंचायत सचिवों को कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि इस प्रकार के मामले सामने आते हैं, तो संबंधितों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और इसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित अधिकारियों की होगी।

# अयोध्या कैंट-एलटीटी अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवाएं शुरू

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी के लिए डिज़ाइन की गई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है, जो मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ेगी। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन आराम, सुविधा और किफ़ायती यात्रा का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करती है, जो देश में समावेशी और सुलभ रेल यात्रा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से गुजरने वाली 05वीं अमृत भारत एक्सप्रेस को रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 22111/22112 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई थी। इस नई अमृत भारत ट्रेन का नियमित संचालन 05 मई से लोकमान्य तिलक टर्मिनस और 06 मई से अयोध्या कैंट स्टेशन से प्रारम्भ हो रही है। यह नई अमृत भारत ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी।

**सामने आई समय सारिणी** - गाड़ी संख्या 22111 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 05 मई से प्रत्येक मंगलवार को प्रारम्भिक स्टेशन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सुबह 07:55 बजे रवाना होकर इटारसी रात 20:00 बजे, जबलपुर रात्रि 23:30 बजे पहुँचकर दूसरे दिन सतना 02:05 बजे और बुधवार को सुबह 10:15 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वही गाड़ी संख्या 22112 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 06 मई से प्रत्येक बुधवार को प्रारम्भिक स्टेशन अयोध्या कैंट से दोपहर 13:50 बजे रवाना होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए सतना रात 20:45 बजे, जबलपुर रात्रि 23:55 बजे पहुँचकर दूसरे दिन इटारसी 03:50 बजे और गुरुवार को दोपहर 15:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इस ट्रेन में 08 शयनयान श्रेणी, 11 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी और 1 पेन्ट्रीकार के सहित कुल 22 कोच होंगे।

### गाड़ी के ठहराव

ये गाड़ी ठाणे, कल्याण जंक्शन, नासिक रोड, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन एवं सुल्तानपुर रहेगा।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57